# कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर आएंगे राज्यपाल बागडे



## किसानों-विद्यार्थियों से करेंगे संवाद

**बीकानेर @ पत्रिका.** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 40वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे शामिल होंगे। राज्यपाल 1 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडप में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे विद्यार्थियों और किसानों से संवाद करने के साथ विश्वविद्यालय की कृषि अनुसंधान एवं तकनीकी उपलब्धियों का अवलोकन करेंगे। विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल तथा विशिष्ट अतिथि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री किरोड़ीलाल मीणा होंगे।

समारोह में विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. केएन नाग और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। कुलगुरु ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से किए गए फसल अनुसंधान, शोध कार्यों, कृषि तकनीक और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में आयोजित प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि तकनीकों, विश्वविद्यालय द्वारा विकसित मूल्य संवर्धित उत्पादों और किसानों के लिए उपयोगी नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलाव और विश्वविद्यालय की भूमिका को प्रदर्शित किया जाएगा।

## एमजीएसयू के विशेष दीक्षांत में दो विभूतियों को मिलेगी मानद उपाधि

### 31 को लोकभवन जयपुर में आयोजन

### राज्यपाल की अध्यक्षता में होगा समारोह

**बीकानेर @ पत्रिका.** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) का विशेष दीक्षांत समारोह 31 जुलाई को जयपुर स्थित लोकभवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर और समाजसेवी प्रो. अच्युत सावंत को सामाजिक विज्ञान संकाय की विद्यावाचस्पति मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा।

एमजीएसयू कुलसचिव यशपाल आहूजा ने बताया कि विशेष दीक्षांत समारोह 31 जुलाई को सुबह 11.30 बजे लोकभवन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आयोजित होगा। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को भी आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि लोकभवन में आयोजित होने वाले विशेष दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# 1 अगस्त को मनाया जाएगा एसकेआरएयू का 40 वां स्थापना दिवस

## राठौड़ होंगे डॉ के एन नाग व्याख्यान के मुख्य वक्ता

बीकानेर, (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 40वां स्थापना दिवस 1 अगस्त को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। राज्यपाल व कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में विश्वविद्यालय स्थित विद्या मंडप में प्रातः 9.30 से 12 बजे तक समारोह आयोजित होगा। कुलगुरु डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा विशिष्ट अतिथि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री किरोड़ी लाल मीणा होंगे। संस्थापक कुलपति डॉ के एन नाग व्याख्यान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ मुख्य वक्ता होंगे। कुलगुरु ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों व किसानों के साथ संवाद किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा किए गए फ़सल अनुसंधान, शोध, कृषि तकनीक से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में आधुनिकतम कृषि तकनीक व विश्वविद्यालय द्वारा तैयार मूल्य संवर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा।

# एसकेआरएयू का 40वां स्थापना दिवस 1 अगस्त को

बीकानेर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 40 वां स्थापना दिवस शनिवार,1 अगस्त को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। राज्यपाल व? कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में विश्वविद्यालय स्थित विद्या मंडप में प्रातः 9.30 से 12 बजे तक समारोह आयोजित होगा। कुलगुरु डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल तथा विशिष्ट अतिथि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री श्री किरोड़ी लाल मीणा होंगे। संस्थापक कुलपति- डॉ के एन नाग व्याख्यान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ मुख्य वक्ता होंगे। कुलगुरु ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों व किसानों के साथ संवाद किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा किए गए फ़सल अनुसंधान, शोध, कृषि तकनीक से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में आधुनिकतम कृषि तकनीक व विश्वविद्यालय द्वारा तैयार मूल्य संवर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्यपाल महोदय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा।